जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

14 जून, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया द्वारा 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग'पर शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग प्रोग्राम पेश किया जाएगा

जामिया मिल्लिया इस्लामिया(जेएमआई) के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग द्वारा हाइब्रिड मोड में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एवं मशीन लर्निंग (एमएल)' पर तीन सप्ताह का शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग प्रोग्राम (एसटीटीपी) आयोजित किया जाएगा । 50 घंटे की अवधि वाला एसटीटीपी दिनांक 01 जुलाई से 19 जुलाई, 2024 तक चलेगा। ऐसे सभी उम्मीदवार जिन्होंने डिप्लोमा, स्नातक , स्नातकोत्तर और पीएचडी स्तर पर गणित की पढ़ाई की है वे इस कोर्स के लिए पात्र हैं।

इस कोर्स में कुल 130 सीटें उपलब्ध हैं, जिनमें से 80 छात्रों को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर ऑफ़लाइन कक्षाओं में प्रवेश दिया जाएगा और 50 छात्रों को ऑनलाइन कक्षाओं में प्रवेश दिया जाएगा।

एसटीटीपी में 20 घंटे की अवधि की सैद्धांतिक कक्षाएं और 30 घंटे की व्यावहारिक प्रशिक्षण शामिल हैं। इसमें पाँच मॉड्यूल शामिल होंगे, अर्थात् (1) एआई एवं पायथन बेसिक्स का परिचय (2) पायथन संग एप्लाइड डेटा साइंस (3) मशीन लर्निंग एल्गोरिदम (4) केरास और टेंसरफ्लो के साथ कंप्यूटर विज़न के लिए डीप लर्निंग और (5) केरास और टेंसरफ्लो संग एनएलपी के लिए डीप लर्निंग।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया और अन्य प्रतिष्ठित केंद्रीय/विदेशी विश्वविद्यालयों, आईआईटी, एनआईआईटी, आईआईआईटी सहित उद्योग विशेषज्ञ इस कोर्स के लिए संसाधन व्यक्ति होंगे।

अतिरिक्त जानकारी के साथ-साथ ऑनलाइन पंजीकरण लिंक दिनांक 19 जून, 2024 से विश्वविद्यालय की निम्नलिखित आधिकारिक वेबसाइट लिंक www.jmi.ac.in/sttp-aiml2024 पर उपलब्ध होगा।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया